निबंधन एवं शर्तें

तकनीकी अधिकारी (योजना एवं दाता समन्वय)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

उत्तरदायित्व:

1. एनटीईपी परियोजना कार्यान्वयन योजना के विकास तथा संशोधन में केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग (सीटीडी) को तकनीकी सहायता प्रदान करना।
2. द्विपक्षीय दाता (डोनर) एजेंसियों के लिए प्रस्तावों का विकास करने में सीटीडी की सहायता करना।
3. डाटा रिपोर्टिंग सहित दाताओं, संयुक्त दाता मिशनों के साथ सीटीडी अंतर-कार्यों को युक्तिसंगत बनाना, मध्यावधि समीक्षा करना आदि।
4. योजना एवं बजट बनाने में राज्यों के क्षमता निर्माण में सीटीडी की सहायता करना।
5. संपूर्ण राज्य एनआरएचएम पीआईपी के संदर्भ में राज्यों से बजटगत वार्षिक कार्य योजनाओं पर समीक्षा करने और परामर्श देने में सीटीडी की सहायता करना।
6. दाता संबंधी मुद्दों, समीक्षा, रिपोर्टिंग आदि के लिए राज्यों के साथ समन्वय करने में सीटीडी की सहायता करना।
7. ताजा मुद्दों पर कार्यक्रम के अन्य थीम वाले क्षेत्रों के तकनीकी अधिकारियों के सहयोग में कार्य करना।
8. संबंधित डाटा, वैधता और जन स्वास्थ्य कार्य हेतु इसके उपयोग के लिए आईसीटी और निक्षय के साधनों के उपयोग के संबंध में परिवर्तन प्रबंधन को युक्तिसंगत बनाना।
9. कार्यक्रम की आवश्यकता के अनुसार सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

अनिवार्य अर्हता/अपेक्षाएं:

प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री।

अधिमानी अर्हता/कौशल:

जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ कार्य करने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव।

कार्यक्रम नियोजन, बजटीकरण, दाता संबंधी प्रस्ताव विकास और परियोजना प्रबंधन के क्षेत्रों में कौशल अतिरिक्त रूप से लाभकारी होगा।

क्षय रोग नियंत्रण का ज्ञान लाभकारी होगा।

रिपोर्टिंग अधिकारी

एडीडीजी-टीबी - क्षय रोग तकनीकी अधिकारी (योजना एवं दाता समन्वय) के समग्र प्रभारी होंगे।

आयु:

65 वर्ष तक व्यापक यात्रा करने के लिए तैयार हों।

पारिश्रमिक:

पारिश्रमिक सीमा: 90,000 रुपए से 1,30,000 रुपए प्रतिमाह के बीच।

आवेदन करने के लिएः
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **22-Jul-2020** तक केवल recruitments.ctb@gmail.com पर ई-मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।